# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14 फरवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में किया सेवा तीर्थ कॉम्पलेक्स और कर्तव्य भवन का लोकार्पण। कहा– एक सौ चालीस करोड़ भारतवासियों की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने का सशक्त आधार बनेंगे ये भवन।
- विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की उपलब्धियों को किया साझा। कहा– उत्तर प्रदेश, देश के विकास का अग्रिम इंजन बनकर कर रहा है नेतृत्व।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव इक्कीस फरवरी को ग्रेटर नोएडा में करेंगे सेमीकंडक्टर यूनिट का शिलान्यास। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कार्यक्रम में होंगे वर्चुअली शामिल।
- प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने गाजियाबाद में की मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा। कहा– लम्बित मामलों का निस्तारण तय तिथि से पहले करें सुनिश्चित।

**********

प्रधानमंत्री कार्यालय ने कल से दिल्ली में साउथ ब्लाक के बजाय सेवा तीर्थ से कामकाज शुरू किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेवा तीर्थ के उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन 1 और 2 विकसित भारत की ओर भारत की यात्रा में एक अहम पड़ाव हैं। उन्होंने कहा कि एक सौ चालीस करोड़ भारतवासियों की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने का सशक्त आधार बनने के साथ ये भवन नागरिक–केंद्रित शासन और देश की उन्नति के लिए सरकार की वचनबद्धता को दर्शाते हैं।

***हम सभी विकसित भारत का संकल्प लेकर सेवा तीर्थ में कर्तव्य भवन में प्रवेश कर रखें अपने लक्ष्य में विजई होने का देवीय आशीर्वाद हमारे साथ है। यहां से जो फैसले होंगे वह किसी महराज की सोच को नहीं 140 करोड़ देशवासियों की अपेक्षाओं को आगे बढ़ाने का आधार हो बनेंगे। इसी अमृत भावना के साथ यह सेवा तीर्थ एक कर्तव्य भवन भारत की जनता को समर्पित कर रहा हूं।***

श्री मोदी ने कल नये प्रधानमंत्री कार्यालय सेवा तीर्थ के साथ ही कर्तव्य भवन एक और दो का उद्घाटन करने के साथ ही पहले दिन कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये। इनमें पीएम राहत योजना को मंजूरी, लखपति दीदियों के लक्ष्य को दोगुना करके छह करोड़ रुपए, कृषि बुनियादी ढांचा कोष को दोगुना करके दो लाख करोड़ रुपए और स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स के दूसरे चरण को दस हजार करोड़ रुपए की निधि की मंजूरी शामिल है।

**********

उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के पांचवें दिन विधानसभा में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री और सदन के नेता योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की उपलब्धियों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब पिछड़े राज्यों की श्रेणी में नहीं है, बल्कि देश की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपना स्थान बना चुका है। प्रदेश टेक्नॉलजी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की त्रिवेणी बनकर उभरा है और देश के विकास का अग्रिम इंजन बनकर उसका नेतृत्व कर रहा है।

***स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया इन सब को प्रभावी ढंग से आज प्रदेश के अंदर लागू करने में हमें सफलता प्राप्त 20,000 से अधिक हमारे पास स्टार्टअप यूपी के अंदर वर्तमान में काम कर रहे हैं। 76 इनक्यूबेटर्स हैं, सात हमारे पास सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हैं और आठ यूनिकॉर्न उत्तर प्रदेश की युवा नेतृत्व और इनोवेशन की ताकत को आज प्रदर्शित कर रहा है।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि डाटा सेंटर क्लस्टर में यूपी लीड कर रहा हैं, यह प्रदेश में पिछले 9 वर्षों में हुए बदलाव का नतीजा है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में 20,000 से अधिक स्टार्टअप, 76 इनक्यूबेटर हैं।

***ये 9 वर्ष की जो यात्रा ये सरकार की अपराध और अव्यवस्था से अनुशासन की यात्रा है। कर्फ्यू से कानून का राज का है। उपद्रव से उत्सव की यात्रा है। समस्या से समाधान की यात्रा है और अविश्वास से आत्मविश्वास है। अब यह उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य नहीं है। आज यह ट्रिपल टी का एक प्रतीक बना है। ट्रिपल टी टेक्नोलॉजी ट्रस्ट एंड ट्रांसफॉर्मेशन यानि इन तीनों की एक त्रिवेणी बन करके उठा।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधियों के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' और 'रूल ऑफ लॉ' आज उत्तर प्रदेश में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। राज्य में अब दंगों की जगह फेस्टिवल और टेम्पल इकोनॉमी विकसित हो रही है।

इससे पूर्व सपा सदस्य ने प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं से मौत का मामला उठाया। जिस पर जवाब देते हुए प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये प्रदेश के सभी जिलों में अतिरिक्त आरटीओ की नियुक्ति की गई है। उधर, विधान परिषद में शिक्षा के गिरते स्तर पर सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि शिक्षा सरकार के लिए राजनीतिक एजेण्डा नहीं है बल्कि प्राथमिकता है। प्रश्न प्रहर में सपा सदस्य के एक सवाल के जवाब में श्री सिंह ने कहा कि शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ाये जाने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है और जल्द ही इस पर निर्णय लिया जायेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव 21 फरवरी को ग्रेटर नोएडा के यमुना सिटी सेक्टर–28 में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट का शिलान्यास करेंगे। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। एक रिपोर्ट–

**यह समारोह यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण– यीडा क्षेत्र में होगा, जहां इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तीन हजार सात सौ छह करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। प्रदेश सरकार की ओर से कंपनी को सेक्टर–28 में 48 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। यह यूनिट डिस्प्ले ड्राइवर आईसी का उत्पादन करेगी, जो मोबाइल फोन, लैपटॉप, पीसी, ऑटोमोबाइल्स और अन्य डिस्प्ले पैनल वाले उपकरणों में उपयोग होती है। यह परियोजना भारत के सकल घरेलू उत्पाद में प्रतिवर्ष लगभग 45 हजार करोड़ रुपये का योगदान देने में सक्षम होगी। परियोजना से प्रदेश में लगभग 3,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

**********

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कल भदोही में सुरियावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने चिकित्सकों को मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने और अस्पताल की बिल्डिंग की तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

***इनके पास धनराशि पर्याप्त उपलब्ध है और ये अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता है तो शासन भेजे हम उसको स्वीकृत करके पुरा अस्पताल को बेहतर से बेहतर मरीजों की सुविधा के लिए तैयार करना है। हम हर स्थिति में अपने प्रदेश के लोगों को बेहतर से बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं दे रहे हैं। सबसे बड़ी बात है जच्चा बच्चा वार्ड है यहाँ मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने में हमारी सरकार ने सफलता पाई है।***

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कल गाजियाबाद में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान, मतदाताओं को भेजे गए नोटिस और लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लंबित मामलों का निस्तारण तय अंतिम तिथि से पहले सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।

***बहुत ही कम संख्या में नाम कटे हैं। अगर किसी के विरुद्ध फॉर्म साथ आ भी जाता है तो कोई घबराने की बात नहीं है क्योंकि बिना उस व्यक्ति को नोटिस दिए, उसको सुनवाई का मौका दिए, किसी का नाम नहीं काटा जाएगा। किसी भी पात्र मतदाता का नाम ऐसी हमारी व्यवस्था है कि नहीं कटेगा।***

**********

केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आईआईएम लखनऊ में तीन नए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित पाठ्यक्रमों की घोषणा की है। दिल्ली में भारत बोधन एआई कॉनक्लेव 2026 में इन पाठ्यक्रमों की घोषणा के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता भारत के विकास में निर्णायक भूमिका निभाएगी। आईआईएम लखनऊ में शुरू किए जाने वाले एआई पाठ्यक्रमों में चार वर्षीय बीएस इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड बिजनेस एनालिटिक्स प्रमुख है, जिसमें प्रवेश जेईई एडवांस्ड के माध्यम से दिया जाएगा। किसी भी आईआईएम में यह पहला स्नातक कार्यक्रम होगा। इसके अलावा, संस्थान ने सत्र 2027–28 से दो वर्षीय टेक एमबीए कार्यक्रम और पाँच वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएस टेक एमबीए पाठ्यक्रम की भी घोषणा की है।

**********